संख्या:-49/2025/आई-887056/001-53आ0-23-5002-002-13-2025
(कम्प्यूटर सं0-1898757)

प्रेषक,

शेषनाथ,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता(परि0/नियो0),
लो0नि0वि0, लखनऊ उ0प्र0।

लोक निर्माण अनुभाग:-5 **लखनऊ: दिनांक 21 फरवरी, 2025**

विषय: चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूंजीलेखा मद के लेखाशीर्षक 4059-60-051-03-00-24 "अनावासीय भवनों का उन्नयन/सुदृढ़ीकरण के नये कार्य" के अन्तर्गत 'जनपद लखनऊ, लखीमपुर-खीरी, बलरामपुर, बुलन्दशहर, पीलीभीत, रामपुर एवं मुजफ्फरनगर के 09 कार्यों हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, लखनऊ के अधोलिखित तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित पत्रों के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूंजीलेखा मद के 4059-60-051-03-00-24 "अनावासीय भवनों का उन्नयन/सुदृढ़ीकरण के नये कार्य" के अन्तर्गत 'जनपद लखनऊ, लखीमपुर-खीरी, बलरामपुर, बुलन्दशहर, पीलीभीत, रामपुर एवं मुजफ्फरनगर के 09 कार्यों हेतु आगणन लागत **रू0 501.99 लाख** की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हुए उक्त के सापेक्ष धनराशि **रू0 401.54 लाख(रू0 चार करोड़ एक लाख चौवन हजार मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति निर्गत कर निम्नांकित तालिकानुसार निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन व्यय किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र0 सं0	पत्र संख्या व दिनांक	जनपद	कार्य का नाम	कुल आगणन लागत	निर्गत की जाने वाली धनराशि
1	2	3	4	5	6
1	202/79(9)बी0पी0-विंग/2024, दिनांक-23.01.2025	लखनऊ	प्रमुख अभियंता कार्यलय, लो0नि0वि0, परिसर स्थित अन्वेष्णालय के भूतल, द्वितीय तल स्थित पुस्तकालय पर पुन: विद्युतीकरण एवं एल0टी0 पैनल की स्थापना का कार्य।	131.86	105.48
2	207/79(11)बी0पी0-विंग/2025, दिनांक-03.02.2025	लखीमपुर-खीरी	जनपद लखीमपुर-खीरी में खमरिया स्टोर की बाउण्ड्रीवाल के निर्माण कार्य।	22.20	17.76
3	3417/79(16)बी0पी0-विंग/2024, दिनांक-01.01.2025	बलरामपुर	जनपद बलरामपुर में श्रीदत्तगंज बाजार (राज्यमार्ग के बायें तरफ) में स्थित लोक निर्माण विभाग की भूमि के चारों तरफ चारदीवारी का निर्माण कार्य।	66.21	52.96
4	3518/79(16)बी0पी0-विंग/2024, दिनांक-01.01.2025	तदैव	जनपद बलरामपुर में श्रीदत्तगंज बाजार (राज्यमार्ग के दायें तरफ) में स्थित लोक निर्माण विभाग की भूमि के चारों तरफ चारदीवारी का निर्माण कार्य।	31.01	24.80
5	346/79(10)बी0पी0-विंग/2025, दिनांक-07.02.2025	बुलन्दशहर	जनपद बुलन्दशहर में स्थित बाबू बनारसी दास राजकीय चिकित्सालय के निकट लोक निर्माण की भूमि पर बाउण्ड्रीवाल एवं गेट लगाने का कार्य।	30.69	24.55
6	325/79(10)बी0पी0-विंग/2025, दिनांक-07.02.2025	तदैव	जनपद बुलन्दशहर में भूड़ चौराहे के निकट लोक निर्माण विभाग की भूमि पर बाउण्ड्रीवाल एवं गेट लगाने का कार्य।	88.06	70.44
7	107/9(6)बी0पी0-विंग/2025, दिनांक-05.02.2025	पीलीभीत	जनपद पीलीभीत में पॉन्टून स्टोर, पुरनपुर उन्नयन/सुदृढ़ीकरण एवं बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य।	78.37	62.69
8	125/79(11)बी0पी0-विंग/2025,	रामपुर	जनपद रामपुर में सिमरिया स्थित विभागीय हॉट मिक्स प्लान्ट के चहारदीवारी एवं कक्ष के निर्माण	18.63	14.90

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

	दिनांक-23.01.2025		का कार्य।		
9	58/79(15)बी0पी0-विंग/2024, दिनांक-17.01.2025	मुजफ्फरनगर	जनपद मुजफ्फरनगर में जनपदीय प्रयोगशाला लो0नि0वि0, मुजफ्फरनगर के भवन का पुनर्निर्माण कार्य।	34.96	27.96
योग :-				**501.99**	**401.54**

नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों

(1) प्रश्नगत कार्य हेतु लो0नि0वि0 चयनित कार्यदायी संस्था के रूप में कार्य करेंगी।

(2) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ किये जाने से पूर्व वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(3) प्रश्नगत कार्य की निविदा में प्राप्त बचत की धनराशि को सम्बन्धित अधिकारी द्वारा राजकोष में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्टियों एवं मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य सम्पादित कराया जायेगा तथा सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो जाय।

(5) प्रायोजना में मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था के सक्षम अधिकारी/सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता का होगा।

(6) प्रायोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में अवश्य पूर्ण कर लिया जाय, जिससे कास्ट रनओवर/टाइम रनओवर की स्थिति उत्पन्न न हो।

(7) स्वीकृत धनराशि एकमुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्कतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक, डाकघर, डिपाजिट खातें में नहीं रखी जायेगी।

(8) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों एवं समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(9) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा।

(10) यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि स्वीकृत किये जा रहे कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा अन्य किसी श्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है।

(11) उक्त धनराशि का व्यय/उपकरणों आदि का क्रय स्टोर परचेज रूल्स एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत नियमों व समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(12) प्रस्तावानुसार स्वीकृत कार्य हेतु आंकलित लागत में सम्मिलित लेबर सेस, मूल्य ह्रास निधि तथा जी0एस0टी0 आदि की धनराशि सुसंगत लेखाशीर्षकों में जमा की जायेगी।

(13) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 04.03.2024 एवं समय-समय पर निर्गत अन्य शासनादेशों में दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(14) समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं0-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(15) विद्युत/यांत्रिक कार्यों हेतु निर्गत की जाने वाली धनराशि को मुख्यालय, लो0नि0वि0 द्वारा संबंधित विद्युत/यांत्रिक खण्ड को ही आवंटित किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रूपये 4,01,54,000 (रूपये चार करोड़ एक लाख चौवन हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20242025 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 055 लेखाशीर्षक 4059600510300 "अनावासीय भवनों का उन्न्नयन/सुदृढ़ीकरण के नये कार्य" मानक मद 24 वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04.03.2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
शेषनाथ
विशेष सचिव।

संख्या:-49/2025/आई-887056/001-53आ0(1)/23-5-2025-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- महालेखाकार(लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3- नोडल अधिकारी, बजट, लो0नि0वि0, उ0प्र0 शासन।
4- जिलाधिकारी, लखनऊ, लखीमपुर-खीरी, बलरामपुर, बुलन्दशहर, पीलीभीत, रामपुर एवं मुजफ्फरनगर।
5- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ।
6- वित्त नियंत्रक, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, उ0प्र0 लखनऊ।
7- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, लखनऊ, लखीमपुर-खीरी, बलरामपुर, बुलन्दशहर, पीलीभीत, रामपुर एवं मुजफ्फरनगर।
8- मुख्य अभियन्ता(भवन)/(वि0/यॉ0), लो0नि0वि0, लखनऊ।
9- अधीक्षण अभियन्ता, 30वां(वि0/यॉ0) वृत्त, लखनऊ, रामपुर वृत्त, सीतापुर/खीरी वृत्त, गोण्डा वृत्त, बुलन्दशहर वृत्त, बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, सहारनपुर वृत्त, लो0नि0वि0।
10- अधिशासी अभियन्ता, अ0वि0नि0ई0अनु0(वि0), लो0नि0वि0।
11- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, रामपुर।
12- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, लखीमपुर-खीरी।
13- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर।
14- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर।
15- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत।
16- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मुजफ्फरनगर।
17- वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8/लो0नि0अनु0-10/श्रम अनु0-2/गार्ड बुक।

आज्ञा से,
जूली दुबे
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।